# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : अप्रैल–मई 2023

**परीक्षा का नाम : विशारद प्रथम (द्वितीय प्रश्नपत्र)**

**विषय : गायन तथा स्वरवाद्य वादन**

| दि. 23/04/2023 | समय : दोपहर 2 से 5 | कुल अंक : 75 |
|---|---|---|

सूचनाएँ : 1) किन्ही पाँच प्रश्नोंके उत्तर लिखिये ।
2) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।

**प्रश्न 1. निचे दिये हुए पर्यायों मे से सही पर्याय लिखे। (15)**

1) पं.व्यंकटमखी ने गणित के आधारपर ---------- मेल की रचना की है।
अ) 70 ब) 72 क) 36 ड) 32

2) चिपळी ये वाद्य ---------- प्रकार में आते है।
अ) घन ब) अवनद्ध क) सुषीर ड) तत्

3) ---------- स्वर को अर्ध्वदर्शक स्वर कहते है।
अ) पंचम ब) षड्ज क) गंधार ड) मध्यम

4) राग का पुर्वांग प्रधान है या उत्तरांग प्रधान ये ---------- स्वर पर निर्भर है।
अ) वादी–संवादी ब) वर्ज्यस्वर
क) आरोह–अवरोह ड) अनुवादी

5) सभी प्रकारके चर्म वाद्य ---------- प्रकार मे आते है।
अ) सुषीर ब) घन क) अवनद्ध ड) तत्

6) पं.विनायकबुवा पटवर्धन ---------- जी के पट्टशिष्य थे।
अ) पं.भातखंडे ब) पं.पलुस्कर
क) उ.अल्लादियाँ खाँ ड) पं.रवीशंकर

7) तार शहनाई ये वाद्य ---------- प्रकार में वर्गीत है।
अ) तत् ब) घन क) अवनद्ध ड) सुषीर

8) संगीत कला मे 'नादब्रह्म' ----------- को कहते है।

अ) हार्मोनियम ब) सारंगी क) तानपुरा ड) तबला

9) थाट या मेल में सिर्फ ----------- होता है।

अ) आरोह ब) अवरोह क) पकड ड) विवादी स्वर

10) परमेल प्रवेशक राग ----------- को कहते है।

अ) एक राग से दुसरे राग में प्रवेश ब) एक थाट से दुसरे थाट में प्रवेश
क) एक लय से दुसरे लय में प्रवेश ड) एक ताल से दुसरे ताल में प्रवेश

11) थाट ----------- स्वरोंका होता है।

अ) 7 ब) 10 क) 12 ड) 22

12) पं.निखील बॅनर्जी ----------- वादक थे।

अ) शहनाई ब) सरोद क) सतार ड) बासुरी

13) पंचमस्वर वर्ज्य और मध्यम तीव्र जिस राग में है तब तानपुरा की पंचम की तार ----------- स्वर में मिलाते है।

अ) तीव्रमध्यम ब) निषाद क) धैवत ड) षड्ज

14) आधुनिक थाट की संख्या (पं.भातखंडे प्रणीत) ----------- है।

अ) 10 ब) 32 क) 36 ड) 72

15) पं.बाळकृष्णबुवा इचलकरंजीकर -------- घराने के गायक थे।

अ) पंजाब ब) जयपुर क) आग्रा ड) ग्वालीयर

**प्रश्न 2. थाट पद्धतीके गुणदोषोंकी चर्चा करो।** **(15)**

**प्रश्न 3. किसी एक कलाकार की जीवनी लिखे।** **(15)**

1) पं.बालकृष्णबुवा इचलकरंजीकर
2) पं.विनायकबुवा पटवर्धन
3) उ.बिसमिल्ला खाँ

प्रश्न 4. 'चित्रपट संगीत पर शास्त्रीय संगीत का प्रभाव' निबंध लिखे। (15)

प्रश्न 5. रागोंका समयचक्र विस्तृत लिखे। (15)

प्रश्न 6. ललीत कला में सर्वश्रेष्ठ संगीत कला ही है, इस विषय पर अपने मत से प्रकाश डाले। (15)

प्रश्न 7. ''बंदिश'' की व्याख्या लिखिए तथा रागसंगीत/शास्त्रीय संगीत में बंदिश का महत्व लिखे। (15)